महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक–4444/ कु0का0 / 2024 दिनांक– 17 / 09 / 2024

सेवा में,

सम्पादक,
दैनिक समाचार पत्र–अमर उजाला,
वाराणसी।

विषय– दिनांक 13.09.2024 के समाचार पत्र में महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के विषय में गलत, आधारहीन एवं भ्रामक सूचना प्रकाशित करने के सम्बंध में।

महोदय,

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके दैनिक समाचार पत्र–अमर उजाला दिनांक 13.09.2024 में जॉब अलर्ट कॉलम में महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के विषय में गलत, आधारहीन एवं भ्रामक सूचना प्रकाशित की गयी है–

" MSDSU, आजमगढ़ में रिक्तियाँ –75 पद
प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर व अन्य खाली पद
वॉक–इन–इण्टरव्यू की तिथि 23 सितम्बर, 2024
वेतनमान रूपये 57,700 से लेकर रूपये 1,44,200 तक निर्धारित
यहाँ आवेदन करें www.msdsu.ac.in "

जबकि विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी द्वारा वॉक–इन–इण्टरव्यू का कोई विज्ञापन अथवा अधिसूचना किसी भी समाचार पत्र एवं किसी भी अन्य माध्यम को नहीं दिया गया है। **दिनांक 23.09.2024 को महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का प्रथम दीक्षान्त समारोह आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। जिसकी अध्यक्षता श्री राज्यपाल/माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा की जानी है।** दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय का सबसे महत्वपूर्ण एवं गरिमायम कार्यक्रम होता है जिसमें समस्त उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को डिग्रीयाँ प्रदान की जाती हैं तथा टॉपर्स विद्यार्थियों को कुलाधिपति एवं कुलपति पदक प्रदान किये जाते हैं। पूरा विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी में जुटा हुआ है। इस स्थिति में आप द्वारा प्रकाशित गलत, आधारहीन, भ्रामक एवं अनधिकृत सूचना से दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम में बाधा/अव्यवस्था होने की सम्भावना हो गई है। यह विश्वविद्यालय की छवि धूमिल करने के लिए षड़यंत्र भी प्रतीत हो रहा है।

अतः दिनांक 13.09.2024 के समाचार पत्र में विश्वविद्यालय के विषय में गलत, आधारहीन एवं भ्रामक सूचना प्रकाशन के लिए आप अपना स्पष्टीकरण दो कार्यदिवस के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें। इस सूचना का खण्डन अपने दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 22.09.2024 तक लगातार प्रकाशित करने का कष्ट करें और उसकी प्रति विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे कि दीक्षान्त समारोह के समय आपकी उक्त गलत सूचना प्रकाशन से कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो। भविष्य में विश्वविद्यालय के सम्बंध में सूचना प्रकाशन से पूर्व विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी का पक्ष अवश्य जान लें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय

17.09.24

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ।
02. जिलाधिकारी, आजमगढ़।
03. जिला सूचना अधिकारी, आजमगढ़।

कुलसचिव